भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या **– 4406**
दिनांक 02.04.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

खाड़ी देशों में भारतीय नागरिक

4406. श्री समीरुल इस्लामः

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पाँच वर्षों के दौरान खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीय नागरिकों का देश-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और
(ख) ईरान-इज़राइल युद्ध के बाद बचाए गए व्यक्तियों का देश-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क और ख) वर्तमान में, खाड़ी देशों में 9.9 मिलियन से अधिक भारतीय नागरिक रह रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीय नागरिकों का देशवार और वर्षवार विवरण अनुबंध-**1** में दिया गया है।

पश्चिम एशिया और खाड़ी देशों में मौजूदा स्थिति के कारण, इस क्षेत्र का दौरा करने वाले या यहाँ से होकर गुजरने वाले भारतीय नागरिकों, जिनमें पर्यटक, छात्र, तीर्थयात्री आदि शामिल हैं, को हवाई क्षेत्र बंद होने और उड़ानें रद्द होने के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इस क्षेत्र में स्थित भारतीय मिशनों ने नियमित और गैर अनुसूचित वाणिज्यिक उड़ानों के माध्यम से इन भारतीय नागरिकों की भारत यात्रा को सुगम बनाया है। 25 मार्च 2026 तक, पश्चिम एशिया और खाड़ी देशों से 4.75 लाख से अधिक भारतीय यात्रियों ने भारत की यात्रा की है।

अनुबंध- I

वर्ष **2022** से खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीय नागरिकों का डाटा

लाख में

क्र. सं	देश का नाम	**2025-2026** (मार्च **2026** तक)	**2024**	**2023**	**2022**
1	बहरीन	3.15	3.32	3.40	3.09
2	कुवैत	10.60	10.08	10.01	9.66
3	ओमान	6.75	6.65	6.85	6.74
4	कतर	8.29	8.30	8.35	8.44
5	सऊदी अरब	27.48	26.45	23.87	21.62
6	संयुक्त अरब अमीरात	43.26	43.26	38.91	35.54

*****